चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम: पंजाब केसरी, दैनिक भास्कर

दिनांक: 8.9.202 पृष्ठ संख्या: 2, 2 कॉलम: 1, 3

## हिंदी कविता लेखन प्रतियोगिता में पूर्वी जैन व अंग्रेजी में शालिनी रही प्रथम

हिसार, 7 सितम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय में पारिवारिक संसाधन विभाग की अंतिम वर्ष की छात्राओं द्वारा एक ऑनलाइन कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका आयोजन कॉलेज की अधिष्ठाता प्रो. बिमला ढांडा की देखरेख में किया गया। कोर्स कोर्डिनेटर डॉ. कविता दुआ ने बताया कि प्रतियोगिता में गृह विज्ञान महाविद्यालय की 70 छात्राओं ने हिस्सा लिया। हिंदी लेखन प्रतियोगिता में गृह विज्ञान महाविद्यालय की पूर्वी जैन ने प्रथम, हिमांशी ने द्वितीय व खुशबू ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसी प्रकार अंग्रेजी लेखन प्रतियोगिता में इसी कॉलेज की शालिनी ने पहला, अविका श्योराण ने दूसरा व एकता मलकानी ने तीसरा स्थान हासिल किया।



*प्रतियोगिता की विजेता छात्राएं।*

## हिंदी कविता लेखन स्पर्धा में पूर्वी जैन और अंग्रेजी में शालिनी विनर

**हिसार** | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय में शिक्षक दिवस पर पारिवारिक संसाधन विभाग की अंतिम वर्ष की छात्राओं ने ऑनलाइन कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता कॉलेज की अधिष्ठाता प्रो. बिमला ढांडा की देखरेख में किया गया। पकार्यक्रम की संयोजक व कोर्स कोर्डिनेटर डॉ. कविता दुआ ने बताया कि इस प्रतियोगिता में गृह विज्ञान महाविद्यालय की 70 छात्राओं ने हिस्सा लिया। हिंदी लेखन प्रतियोगिता में गृह विज्ञान महाविद्यालय की पूर्वी जैन ने प्रथम स्थान हासिल किया। अंग्रेजी लेखन प्रतियोगिता में इसी कॉलेज की शालिनी ने पहला स्थान पाया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम........अमर उजाला........

दिनांक 8.9.2020 ...पृष्ठ संख्या......4.............कॉलम.....1-2.........

## हिंदी कविता लेखन में पूर्वी जैन रही प्रथम



पूर्वी जैन



शालिनी

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (हकृवि) के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में पारिवारिक संसाधन विभाग की अंतिम वर्ष की छात्राओं द्वारा सोमवार को ऑनलाइन कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हिंदी लेखन प्रतियोगिता में गृह विज्ञान महाविद्यालय की पूर्वी जैन ने प्रथम, हिमांशी ने द्वितीय व खुशबू ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसी प्रकार अंग्रेजी लेखन प्रतियोगिता में इसी कॉलेज की शालिनी ने पहला, अविका श्योराण ने दूसरा व एकता मलकानी ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतिभागियों को ई-सर्टिफिकेट दिए जाएंगे। पारिवारिक संसाधन विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर मंजू मेहता व कार्यक्रम की संयोजक एवं कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ. कविता दुआ ने बताया कि प्रतियोगिता में गृह विज्ञान महाविद्यालय की 70 छात्राओं ने हिस्सा लिया और महाविद्यालय की स्नातक, स्नातकोत्तर व पीएचडी की छात्राएं शामिल हुईं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम........दैनिक जागरण........

दिनांक 8.9.2020........पृष्ठ संख्या........4........कॉलम........4-8........

# एचएयू स्नातक में प्रवेश के लिए ले सकता है परीक्षा

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में अभी तक स्नातक पाठ्यक्रम में मेरिट के आधार पर दाखिला लेने की तैयारी चल रही थी। पर अब नीट सहित अन्य परीक्षाओं में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद एचएयू प्रवेश परीक्षा ले सकता है। इसके लिए विश्वविद्यालय ने तैयारी भी शुरू कर दी है।

कुलपति प्रो. समर सिंह खुद स्नातक पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं की तैयारियों की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। इस बार हिसार कैंपस में प्रदेशभर के परीक्षार्थियों को बुलाकर परीक्षा में सम्मिलित किया जाएगा। कुलपति ने विश्वविद्यालय में कमरों व मेज-कुर्सी जैसे संसाधनों की जानकारी मांगी है। विवि प्रशासन अक्टूबर मध्य तक स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा कराने की तैयारी में है। एचएयू ने ऑनलाइन स्नातक कोर्स के लिए दाखिले लिए थे। ऐसे में करीब 12 हजार से अधिक विद्यार्थी परीक्षा में बैठेंगे।




चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय। • जागरण आर्काइव

स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा कराने का हमारा मन है। फिर भी हम सरकार के निर्देशों का पालन करेंगे। अपनी तरफ से विश्वविद्यालय इन परीक्षाओं के लिए तैयारी करने में जुट गया है।

**प्रो. समर सिंह, कुलपति, एचएयू**

### स्नातकोत्तर में प्रवेश के लिए परीक्षा

9 सितंबर- एमएससी (कॉलेज ऑफ बेसिक साइंस एंड ह्युमिनिटी), एमएससी (फिशरीज साइंस)

12 सितंबर- पीएचडी (कॉलेज ऑफ बेसिक साइंस एंड ह्युमिनिटी)

16 सितंबर- पीएचडी (कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर), पीएचडी, (कॉलेज ऑफ होम साइंस), पीएचडी (कॉलेज ऑफ फिशरीज साइंस), पीएचडी (कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी)

**नोट- परीक्षा के अगले दिन उत्तर कुंजी विवि की वेबसाइट पर अपलोड होगी।**

### इस दिन आएगा प्रवेश परीक्षाओं का परिणाम

- 6 व 9 सितंबर की प्रवेश परीक्षाओं का परिणाम- 22 सितंबर
- 12 व 16 सितंबर की प्रवेश परीक्षाओं का परिणाम- 27 सितंबर
- 22 को परिणाम आने पर 25 सितंबर तक उत्तीर्ण परीक्षार्थी विषयों को ऑनलाइन चयन कर सकते हैं
- 27 को परिणाम आने के बाद 30 सितंबर तक परीक्षार्थी विषय चुन सकते हैं।

### दस्तावेजों का सत्यापन

- 6 सितंबर को प्रवेश परीक्षा देने वाले विद्यार्थी- 26 व 27 सितंबर को दस्तावेज सत्यापित करा सकते हैं
- 9 सितंबर को प्रवेश परीक्षा देने वाले विद्यार्थी- 29 व 30 सितंबर को दस्तावेज सत्यापित करा सकते हैं
- पीएचडी पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थी- 3 व 4 अक्टूबर को दस्तावेज सत्यापित कराएं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम ........दैनिक जागरण........


दिनांक ....8-9-2020.... पृष्ठ संख्या ....1.... कॉलम ....2-6....

**खुशी के पल** डा. जगवीर हाईकोर्ट से केस जीत 24 वर्ष बाद एचएयू में बने थे विस्तार विशेषज्ञ, एक साल बाद मिली प्रोफेसर पद पर पदोन्नति

# हरियाणा बोर्ड चेयरमैन को 25 साल बाद मिला न्याय

जागरण संवाददाता, हिसार : हरियाणा शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डा. जगबीर सिंह आखिरकार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में अपनी पदोन्नति पाने में सफल हो गए हैं। 25 वर्ष बाद उन्हें एचएयू में प्रोफेसर पद पर पदोन्नति मिली है। यह पांच सितंबर 2010 से लागू होगी। खास बात यह कि 24 वर्ष तक बोर्ड चेयरमैन लगातार हाईकोर्ट में अपने मामले की पैरवी करते रहे। कोर्ट ने 2019 में उन्हें एचएयू में जिला विस्तार विशेषज्ञ के रूप में ज्वाइन करने के आदेश दिए थे। हालांकि इस पद पर ज्वाइन करने के बाद सरकार ने डेपुटेशन पर उन्हें फिर से हरियाणा शिक्षा बोर्ड का चेयरमैन बना दिया था।

चेयरमैन बनने के बाद भी डा. जगबीर एचएयू में अपनी पदोन्नति के लिए कोशिश करते रहे। इसके लिए वह कोर्ट में गए। जहां फैसला इनके हक में आया। कोर्ट ने कहा कि इनको कार्यरत मानते हुए पदोन्नति दी जाए। इस आदेश के बाद अब एचएयू ने उन्हें पदोन्नति दे दी है। सोमवार को बोर्ड चेयरमैन ने पदोन्नति पत्र पर हस्ताक्षर किए। एचएयू के कुलपति प्रो. समर सिंह व रजिस्ट्रार डा. बीआर कंबोज ने बोर्ड चेयरमैन को मिठाई खिलाकर बधाई दी। प्रोफेसर पद पर पदोन्नत होने के बाद उन्हें 1.82 लाख रुपये वेतनमान मिलेगा। इसके साथ ही 2010 से प्रोफेसर का पद स्वीकृत हुआ है, ऐसे में अब बकाया वेतनमान लेने के लिए डा. जगबीर ने एक बार फिर से कोर्ट की शरण ली है।



हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में प्रोफेसर पद पर पदोन्नति के बाद कुलसचिव डा. बीआर कंबोज ने डा. जगबीर सिंह का मुंह मीठा कराया। ●पीआरओ

## 1995 में एचएयू में विस्तार विशेषज्ञ पद पर निकली थी भर्ती

डा. जगबीर सिंह बताते हैं कि वर्ष 1995 में एचएयू में जिला विस्तार विशेषज्ञ, पशुविज्ञान की पोस्ट निकली थी। इसमें डा. जगबीर ने भी आवेदन किया था। वह पीएचडी किये हुए थे। साक्षात्कार देने कई लोग आए। इसमें नियमानुसार अगर कोई पीएचडी किया हुआ व्यक्ति आवेदन करता है तो 10 अंक दिए जाते थे। इंटरव्यू में पास होने के लिए कुल 14 अंकों की आवश्यकता होती थी। इसमें डा. जगबीर ने 16 अंक प्राप्त किए। ऐसे में उनका चयन होना चाहिए था, लेकिन इस पद पर एक एमएससी किए हुए आवेदक को रख लिया गया।

## 2014 तक चलती रही सुनवाई फिर केस हुआ था खारिज

साल 1995 से लेकर 2014 तक कोर्ट में सुनवाई चलती रही। कोर्ट ने मामले को खारिज कर दिया। डा. जगबीर ने हाईकोर्ट में दोबारा एलपीए (लेटर पेटेंट अपील) की। इसके बाद केस दोबारा खुला। जिस पर हाईकोर्ट ने 2019 में डा. जगबीर के पक्ष में फैसला सुनाया। कोर्ट ने पूर्व की भर्ती को भी बनाए रखा। साथ ही विस्तार विशेषज्ञ के पद पर ज्वाइन करने के निर्देश दिए थे। कोर्ट के आदेश आने पर डा. जगबीर ने हरियाणा शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन पद से इस्तीफा देकर एचएयू में विस्तार विशेषज्ञ के पद पर ज्वाइन कर लिया था।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम ........ सिटी पल्स ........

दिनांक 7.9.2020 पृष्ठ संख्या ...... - ...... कॉलम ...... - ......

# हिंदी कविता लेखन प्रतियोगिता में पूर्वी जैन व अंग्रेजी में शालिनी रही प्रथम

## हकृवि में पारिवारिक संसाधन विभाग की अंतिम वर्ष की छात्राओं द्वारा एक ऑनलाइन कविता प्रतियोगिता का आयोजन

सिटी पल्स न्यूज़, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय में पारिवारिक संसाधन विभाग की अंतिम वर्ष की छात्राओं द्वारा एक ऑनलाइन कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन कॉलेज की अधिष्ठाता प्रो. विमला ढांडा की देखरेख में किया



पूर्वी जैन



शालिनी

गया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षक का पद बहुत ही ऊंचा होता है। इसलिए शिक्षक को सकारात्मक सोच के साथ राष्ट्र निर्माण में अहम् योगदान देना चाहिए।

इस प्रतियोगिता में गृह विज्ञान महाविद्यालय की 70 छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान हिंदी लेखन प्रतियोगिता में गृह विज्ञान महाविद्यालय की पूर्वी जैन ने प्रथम, हिमांशी ने द्वितीय व खुशबू ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसी प्रकार अंग्रेजी लेखन प्रतियोगिता में इसी कॉलेज की शालिनी ने पहला, अविका श्योराण ने दूसरा व एकता मलकानी ने तीसरा स्थान हासिल किया। कार्यक्रम की संयोजक एवं कोर्स कॉर्डिनेटर डॉ. कविता दुआ ने बताया कि ऑनलाइन प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों को ई-सर्टिफीकेट दिए जाएंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम....हैलो हिसार....

दिनांक 7.9.2020 पृष्ठ संख्या.....–..... कॉलम.....–.....

# गृह विज्ञान महाविद्यालय में ऑनलाइन हिंदी व अंग्रेजी कविता लेखन प्रतियोगिता आयोजित

**हैलो हिसार न्यूज**

**हिसार :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर पारिवारिक संसाधन विभाग की अंतिम वर्ष की छात्राओं द्वारा एक ऑनलाइन कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया

**हिंदी कविता लेखन प्रतियोगिता में पूर्वी जैन व अंग्रेजी में शालिनी रही प्रथम**

गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन कॉलेज की अधिष्ठाता प्रोफेसर बिमला ढांडा की देखरेख में किया गया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षक का पद बहुत ही ऊंचा होता है। इसलिए शिक्षक को सकारात्मक सोच के साथ राष्ट्र निर्माण में अहम् योगदान देना चाहिए। शिक्षक ही किसी राष्ट्र के लिए





बेहतरीन नागरिक तैयार कर सकता है। उन्होंने कहा कि देश के प्रथम उप-राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस, जोकि शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिससे प्रेरणा लेते हुए प्रत्येक शिक्षक को उनके विचारों को अपने जीवन में धारण करना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए पारिवारिक संसाधन विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर मंजू मेहता व कार्यक्रम की संयोजक व कोर्स कोर्डिनेटर डॉ. कविता दुआ को बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इस तरह की प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। इससे उनमें आत्म विश्वास व सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होता है। कार्यक्रम की संयोजक व कोर्स कोर्डिनेटर डॉ. कविता दुआ ने बताया कि इस प्रतियोगिता में गृह विज्ञान महाविद्यालय की 70 छात्राओं ने हिस्सा लिया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम........नित्य शक्ति टाइम्स........

दिनांक ..7. 9. 2020.....पृष्ठ संख्या........—........कॉलम........—........

# हिंदी कविता लेखन में पूर्वी व अंग्रेजी में शालिनी रही प्रथम

### गृह विज्ञान महाविद्यालय में ऑनलाइन हिंदी व अंग्रेजी कविता लेखन प्रतियोगिता-आयोजित

नित्य शक्ति टाइम्स न्यूज





हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर पारिवारिक संसाधन विभाग की अंतिम वर्ष की छात्राओं द्वारा एक ऑनलाइन कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन कॉलेज की अधिष्ठाता प्रोफेसर बिमला ढांडा की देखरेख में किया गया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षक का पद बहुत ही ऊंचा होता है। इसलिए शिक्षक को सकारात्मक सोच के साथ राष्ट्र निर्माण में अहम् योगदान देना चाहिए। शिक्षक ही किसी राष्ट्र के लिए बेहतरीन नागरिक तैयार कर सकता है। उन्होंने कहा कि देश के प्रथम उप-राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस, जोकि शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिससे प्रेरणा लेते हुए प्रत्येक शिक्षक को उनके विचारों को अपने जीवन में धारण करना चाहिए।

उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए पारिवारिक संसाधन विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर मंजू मेहता व कार्यक्रम की संयोजक व कोर्स कोर्डिनेटर डॉ. कविता दुआ को बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इस तरह की प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ ?र हिस्सा लें। इससे उनमें आत्म विश्वास व सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होता है।

### गृह विज्ञान महाविद्यालय की 70 छात्राओं ने लिया हिस्सा

कार्यक्रम की संयोजक व कोर्स कोर्डिनेटर डॉ. कविता दुआ ने बताया कि इस प्रतियोगिता में गृह विज्ञान महाविद्यालय की 70 छात्राओं ने हिस्सा लिया और कविताओं के माध्यम से शिक्षक दिवस पर शिक्षकों के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त की। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की स्नातक, स्नातकोत्तर व पीएचडी की छात्राएं शामिल हुईं। हिंदी व अंग्रेजी में आयोजित इन कविताओं में छात्राओं ने बेहतरीन तरीके से कविताएं ऑनलाइन माध्यम से लिखित में प्रस्तुत की। इस दौरान हिंदी लेखन प्रतियोगिता में गृह विज्ञान महाविद्यालय की पूर्वी जैन ने प्रथम, हिमांशी ने द्वितीय व खुशबू ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसी प्रकार अंग्रेजी लेखन प्रतियोगिता में इसी कॉलेज की शालिनी ने पहला, अविका श्योराण ने दूसरा व एकता मलकानी ने तीसरा स्थान हासिल किया। कार्यक्रम की संयोजक एवं कोर्स कॉर्डिनेटर डॉ. कविता दुआ ने बताया कि ऑनलाइन प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों को ई-सर्टिफीकेट दिए जाएंगे। महाविद्यालय की ओर से समय-समय पर छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम ........ जगमार्ग ........

दिनांक 7.9.2020 पृष्ठ संख्या ..... — ..... कॉलम ..... — .....

# हिंदी कविता लेखन में पूर्वी जैन रही प्रथम

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर पारिवारिक संसाधन विभाग की अंतिम वर्ष की छात्राओं द्वारा एक ऑनलाइन कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन कॉलेज की अधिष्ठाता प्रोफेसर बिमला ढांडा की देखरेख में किया गया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षक का पद बहुत ही ऊंचा होता है। इसलिए शिक्षक को सकारात्मक सोच के साथ राष्ट्र निर्माण में अहम् योगदान देना चाहिए। शिक्षक ही किसी राष्ट्र के लिए बेहतरीन नागरिक तैयार कर सकता है। उन्होंने कहा कि देश के प्रथम उप-राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस, जोकि शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिससे प्रेरणा लेते हुए प्रत्येक शिक्षक को उनके विचारों को अपने जीवन में धारण करना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए पारिवारिक संसाधन विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर मंजू मेहता व कार्यक्रम की संयोजक व कोर्स कोर्डिनेटर डॉ. कविता दुआ को बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इस तरह की प्रतियोगिताओं में बढ़-चढकर हिस्सा लें।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम............नभ छोर............

दिनांक 7-9-2020 ....पृष्ठ संख्या....—....कॉलम....—....

# हिंदी में पूर्वी व अंग्रेजी में शालिनी ने लिखी श्रेष्ठ कविता

**हिसार.** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती गृह विज्ञान महाविद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर पारिवारिक संसाधन विभाग की अंतिम वर्ष की छात्राओं द्वारा एक ऑनलाईन कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संयोजक व कोर्स को-ऑर्डिनेटर डॉ. कविता दुआ ने बताया कि हिंदी व अग्रेंजी में छात्राओं ने बेहतरीन तरीके से कविताएं ऑनलाईन माध्यम से लिखित में प्रस्तुत की। इस दौरान हिंदी लेखन प्रतियोगिता में गृह विज्ञान महाविद्यालय की पूर्वी जैन ने प्रथम, हिमांशी ने द्वितीय व खुशबू ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसी प्रकार अंग्रेजी लेखन प्रतियोगिता में इसी कॉलेज की शालिनी ने पहला, अविका श्योराण ने दूसरा व एकता मलकानी ने तीसरा स्थान हासिल किया।